# भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का इतिहास, अध्यक्षों के नाम और बीसीसीआई के कार्य

## बीसीसीआई क्या है और किसे कहते है?

बीसीसीआई की Full form है Board of Control for Cricket in India यानि के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और अपने नाम के मुताबिक भारतीय क्रिकेट बोर्ड जो है वो भारत में खेले जाने वाले क्रिकेट मैच या भारत की तरफ से खेले जाने वाले क्रिकेट खेल को चलाता है और उसे नियंत्रण भी करता है। आसान शब्दों में अगर कहें तो भारतीय क्रिकेट को पोषित करता है और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट की भागीदारी सुनिश्चित करता है।

### भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का इतिहास:

बीसीसीआई विश्व क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से सम्बद्ध बोर्ड है जिसका गठन 1928 में हुआ था और आज यह एक सरकारी संस्था है जिसे भारत सरकार सरंक्षण देती है। बीसीसीआई का मुख्यालय मुंबई में है। बीसीसीआई का मुख्य काम भारत में होने वाले खेल टूर्नामेंट्स का नियंत्रण करना और उनका आयोजन करवाना और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के खिलाडियों जो भारत की और से खेलते है उनका भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करना है।

चूँकि क्रिकेट भारत में बाकि खेलों से बहुत अधिक लोकप्रिय है जिसकी वजह से बीसीसीआई की गिनती दुनिया में सबसे अमीर बोर्ड में भी होती है। इसके अलावा बीसीसीआई खेलो में होने वाले प्रदर्शन के साथ साथ खेल की भावना को सुरक्षित रखने के लिए दूसरे निगरानी जैसे काम भी करती है जिसमे क्रिकेट के ऊपर होने वाले सट्टेबाजी को रोकना भी शामिल है और ऐसे खेल से जुड़े नियमो को भंग करने वाले खिलाडियों पर बोर्ड अक्सर फैसले लेती रहती है और मैच फिक्सिंग जैसे मामलो में दोषी पाए जाने पर आजीवन प्रतिबन्ध जैसे फैसले भी बोर्ड लेती है।

## बीसीसीआई भारत में होने वाले निम्न टूर्नामेंट्स को आयोजित करवाने और निगरानी के लिए उतरदायी है:-

- इंडियन प्रीमियर लीग
- रणजी ट्रॉफी
- देवधर ट्रॉफी
- सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

- दलीप ट्रॉफी
- विजय हजारे ट्रॉफी
- ईरानी कप
- एनकेपी साल्वे चैलेंजर ट्रॉफी
- बीसीसीआई कॉर्पोरेट ट्रॉफी

**वर्ष** 1928 **से अब तक बने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्षों की सूची:**

| **अध्यक्ष का नाम** | **कब से** | **कब तक** |
|---|---|---|
| ग्रांट गोवन | 1928 | 1933 |
| सर सिकंदर हयात खान | 1933 | 1935 |
| हमिदुल्लाह खान | 1935 | 1937 |
| केएस दिग्विजय सिंह | 1937 | 1938 |
| पी. सुब्बरायन | 1938 | 1946 |
| एन्थॉनी एस डि’मीलो | 1946 | 1951 |
| जेसी मुखर्जी | 1951 | 1954 |
| महाराजकुमार विजय आनंद | 1954 | 1956 |
| सरदार सुरजीतसिंह मजीठिया | 1956 | 1958 |
| आरके पटेल | 1958 | 1960 |
| एमए चिदंबरम | 1960 | 1963 |
| फतहसिंह राव गायकवाड़ | 1963 | 1966 |
| जेड आर ईरानी | 1966 | 1969 |
| ए एन घोष | 1969 | 1972 |
| पी एम रुंगटा | 1972 | 1975 |
| रामप्रकाश मेहरा | 1975 | 1977 |
| एम चिन्नास्वामी | 1977 | 1980 |
| एसके वानखेड़े | 1980 | 1982 |
| एनकेपी साल्वे | 1982 | 1985 |
| एस श्रीरमन | 1985 | 1988 |
| बीएन दत्त | 1988 | 1990 |
| माधवराव सिंधिया | 1990 | 1993 |
| आईएस बिंद्रा | 1993 | 1996 |
| राज सिंह डूंगरपुर | 1996 | 1999 |
| एसी मुथैया | 1999 | 2001 |

| | | |
|---|---|---|
| जगमोहन डालमिया | 2001 | 2004 |
| रणबीर सिंह महेंद्रा | 2004 | 2005 |
| शरद पवार | 2005 | 2008 |
| शशांक मनोहर | 2008 | 2011 |
| एन श्रीनिवासन | 2011 | 2013 |
| जगमोहन डालमिया (अंतरिम) | 2013 | 2013 |
| एन. श्रीनिवासन | 2013 | 2014 |
| शिवलाल यादव (अंतरिम) | 2014 | 2014 |
| सुनील गावसकर (अंतरिम, आईपीएल) | 2014 | 2014 |
| जगमोहन डालमिया (निधन) | 2015 | 2015 |
| शशांक मनोहर | 2015 | 2016 |
| अनुराग ठाकुर | 2016 | 02 जनवरी 2017 को बर्खास्त किये गए |